The Board of Directors have appointed Mr. Kapil Dev Taneja (FCS No. 4019, C.P. No.: 22944), Partner or failing him Mr. Neeraj Arora (FCS No. 10781, C.P. No.: 16186), Partner of M/s. Sanjay Grover & Associates, Company Secretaries, New Delhi, as 'Scrutinizer' to scrutinize the process of e-voting during the AGM and remote e-voting held before the AGM in a fair and transparent manner.

The results of voting on the resolutions set out in the Notice of AGM shall be declared within 2 working days of conclusion of the AGM. The results declared alongwith the report of the Scrutinizer shall be placed on the website of the Company at www.jubilantindustries.com, and on the website of NSDL at www.evoting.nsdl.com, immediately after the declaration of result by the Chairman or a person authorised by him and the results shall also be communicated to the Stock Exchanges.


For **Jubilant Industries Limited**
**Sd/-**
**Brijesh Kumar**
**Company Secretary**
**Membership No: A36070**
**August 29, 2024**
**Gurugram**




# गौतम अडानी ने मुकेश अंबानी को भी पछाड़ा

मुंबई, एजेंसी। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के झटकों से पूरी तरह उबरते हुए एक बार फिर देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उन्होंने संपत्ति में वृद्धि के मामले में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल की तुलना में गौतम अडानी की संपत्ति में 95 प्रतिशत का तगड़ा उछाल आया है। वहीं, मुकेश अंबानी की संपत्ति 25 फीसदी बढ़ी है।

हुरुन इंडिया की 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची में अडानी 11.6 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय हैं। अडानी परिवार ने अपनी कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपये का इजाफा किया है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल की तुलना में अंबानी की शुद्ध संपत्ति 25 प्रतिशत उछलकर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल मुकेश अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ देश के सबसे अमीर भारतीय चुने गए थे।



**ऐसे बढ़ती गई संपत्ति**

| गौतम अडानी | वर्ष | मुकेश अंबानी |
|---|---|---|
| 99.75 | 2020 | 3.06 |
| 9.8 | 2022 | 7.51 |
| 4.74 | 2023 | 8.08 |
| 11.6 | 2024 | 10.14 |

**संपत्ति में इजाफा**

| गौतम अडानी | 95% | 2024 | 25% | मुकेश अंबानी |
|---|---|---|---|---|

**देश के 10 सबसे अमीर**

| नाम | संपत्ति |
|---|---|
| 1. गौतम अडानी | 11,61,800 |
| 2. मुकेश अंबानी | 10,14,700 |
| 3. शिव नादर | 3,14,000 |
| 4. साइरस पूनावाला | 2,89,800 |
| 5. दिलीप सांघवी | 2,49,900 |
| 6. कुमार मंगलम बिरला | 2,35,200 |
| 7. गोपीचंद हिंदुजा | 1,92,700 |
| 8. राधाकिशन दमानी | 1,90,900 |
| 9. अजीम प्रेमजी | 1,90,700 |
| 10. नीरज बजाज | 1,62,800 |

(आंकड़े लाख करोड़ रुपये में। 2020 में अडानी की संपत्ति का आंकड़ा हजार करोड़ रुपये में।)

**57% घटी थी संपत्ति :** जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए कई गंभीर आरोपों के कारण अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी। इसके चलते अडानी की संपत्ति 57% की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रह गई थी।

**अरबपतियों की संख्या 1500 के पार:** इस सूची में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले भारतीयों को शामिल किया गया है। पिछले साल की तुलना में इस सूची में 220 व्यक्तियों की बढ़ोतरी होकर कुल संख्या 1,539 हो गई। भारत में कुल 1500 व्यक्ति अब 1,000 करोड़ या उससे अधिक की कुल संपत्ति के मालिक हैं।

**शाहरुख खान पहली बार सूची में शामिल:** अभिनेता शाहरुख खान 7,300 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पहली बार जगह बनाने में सफल रहे। अभिनेत्री जूही चावला भी 4,600 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ मनोरंजन क्षेत्र से जुड़े लोगों की सूची में दूसरे स्थान पर रहीं।

## इंडिगो की 5.24 फीसदी हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल के पारिवारिक ट्रस्ट ने बृहस्पतिवार को खुले बाजार लेनदेन के जरिए एयरलाइन में 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,549 करोड़ रुपये में बेची। कंपनी ने कहा कि राकेश गंगवाल के चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट ने इंडिगो के 2.02 करोड़ से अधिक शेयर बेचे, जो 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

## सोना और चांदी में गिरावट दर्ज हुई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 87,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही। चांदी की कीमतों में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

**नगर निगम, गोरखपुर**

**पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण समस्त अधिकृत फर्मो एवं ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम गोरखपुर द्वारा विभिन्न वाटेज की एल.ई.डी. फिटिंग ड्राइवर की आपूर्ति हेतु प्रतिनग के अनुसार वार्षिक दरों के निर्धारण निमित्त ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र शुल्क (समस्त कर सहित) रूपया 295.00 व जमानत धनराशि रूपया 25,000.00 ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/(आर.टी.जी.एस.)/एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से नगर निगम, गोरखपुर के खाता संख्या 100058883207 (IFSC Code: INDB0000150) इण्डसइंड बैंक (IndusInd Bank), शाखा-पार्क रोड, गोरखपुर के नाम से ई-निविदा नगर निगम गोरखपुर के नाम से किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय गोरखपुर को होगा।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड की तिथि | 31.08.2024 |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | 14.09.2024, 03.00 PM |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 14.09.2024, 05.00 PM |

नोट- नियम व शर्ते नगर निगम गोरखपुर की वेबसाइट www.nagarnigamgkp.org या ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर — प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर — वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर।**

पृ०सं०: एस0एस0ए0/जेम पोर्टल निविदा / 3910–12 / 2023–24 — दिनांकः 29/08/2024

**जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रण सूचना**

जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला परियोजना शिक्षा समिति द्वारा प्रदत्त अनुमति दिनांक 16.08.2024 शासनादेश संख्या–1051 /68–5–2022/2020 दिनांकः 22.06.2022 एवं शासनादेश संख्या–1737/68–5–2022/2020 दिनांकः 31.08.2022 के अनुपालन में परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थित (को–लोकेटेड) आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु बच्चों के प्रयोगार्थ फर्नीचर ( शिशु डेस्क) क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित की गयी निविदा की संख्या GEM/2024/B/5336958 दिनांक 29.08.2024 है। निविदा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न की जायेगी।

| क्रम सं० | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | फर्म के चयन हेतु जेम से टैण्डर अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 29.08.2024 सायं 05:00 बजे से |
| 2. | जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 09.09.2024 सांय 05 बजे तक |
| 3. | जेम पोर्टल से निविदा खोलने की तिथि | 10.09.2024 अपरान्ह 12:00 बजे |

(दिव्या गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहाँपुर ।

# जियो 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त प्रदान करेगी

**ऐलान**

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड को विस्तार देते हुए गुरुवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर पाएंगे। यह पेशकश दिवाली के मौके पर जारी की जाएगी।

इस मौके पर आकाश अंबानी ने जियोफोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश भी दे सकती है और इसे दूसरी भाषा में भी अनुवाद कर सकती है।

अंबानी ने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार है और जियो अपने 49 करोड़ ग्राहकों के साथ वैश्विक मोबाइल इंटरनेट कंपनी बन गई है। रिलायंस जियो के ग्राहक औसतन प्रति माह 30 जीबी से अधिक डेटा (इंटरनेट) का उपयोग कर रहे हैं। जियो ने वैश्विक ट्रैफिक में लगभग आठ प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है और प्रमुख वैश्विक कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। अंबानी ने कहा कि जियो ने 5जी और 6जी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 350 पेटेंट आवेदन किए हैं।

कंपनी हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस साल अपना पहला सौर उपकरण बनाने का कारखाना चालू करने की योजना बना रही है।

### देश के लिए धन सृजन पर ध्यान : मुकेश अंबानी

अंबानी ने कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है। उन्होंने कहा कि उनके सभी कारोबार भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख चालक बने हुए हैं और सफलता की गाथा बन गए हैं। रिलायंस का लक्ष्य देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए विश्व को अधिक स्वच्छ तथा हरित बनाना है। रिलायंस निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष–30 कंपनियों में अपना स्थान सुरक्षित कर लेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य अतीत की तुलना में कहीं अधिक उज्ज्वल है।

## मूडीज ने वृद्धि दर अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी। मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को वर्ष 2024 और 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के पूर्वानुमान को बढ़ाकर क्रमशः 7.2 प्रतिशत एवं 6.6 प्रतिशत कर दिया।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अगर निजी खपत को रफ्तार मिलती है तो भारत की आर्थिक वृद्धि की गति इससे भी अधिक रह सकती है। एक व्यापक आर्थिक नजरिये से देखें तो भारतीय अर्थव्यवस्था ठोस वृद्धि और कम होती मुद्रास्फीति के मेल के साथ एक अच्छी स्थिति में है।

## फिच ने रेटिंग को बरकरार रखा

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने बृहस्पतिवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा। इस तरह भारत की रेटिंग सबसे कम निवेश स्तर पर बनी हुई है। यह अगस्त, 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग है। बयान के मुताबिक, भारत की रेटिंग को इसके मध्यम अवधि के मजबूत वृद्धि परिदृश्य से समर्थन हासिल है।

# शेयर खरीदने के बाद ही खाते से पैसा काटा जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। बाजार नियामक सेबी ने पात्र शेयर ब्रोकरों को आईपीओ की तर्ज पर यूपीआई–आधारित ब्लॉक प्रणाली का उपयोग कर ग्राहकों को लेनदेन की सुविधा अनिवार्य रूप से देने का प्रस्ताव रखा है। एएसबीए में आईपीओ के लिए आवेदन करने पर ग्राहक के बैंक खाते में ही आवेदन राशि को ब्लॉक करने का प्रावधान होता है। सेबी ने कहा, शेयर ब्रोकर नकद खंड में यूपीआई ब्लॉक प्रणाली का इस्तेमाल कर कारोबार की सुविधा प्रदान करें। थ्री-इन-वन खातों में ग्राहकों के पास उनके बैंक खाते में धन होगा, जिससे उन्हें बची हुई नकद राशि पर ब्याज मिलेगा। इसके अलावा थ्री-इन-वन सुविधा नकद और डेरिवेटिव खंड दोनों के लिए बिना किसी राशि प्रतिबंध के उपलब्ध होगी। सेबी ने 12 सितंबर तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं।

**हिन्दुस्तान क्लासीफाइड**

For Enquiry Call
Moradabad- 8131805578
Rampur- 9841082941, 7534085882
Sambhal- 9837693543, 9837099173
Amroha- 9927322426, 9877330558

**आवश्यकता**

आवश्यकता है रिकवरी एजेंसी हेतु रिकवरी मैनेजर की बरेली मुरादाबाद शाहजहांपुर बदांयु पीलीभीत में इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें 7417812344 , 7830033397

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम HABIBA BEGUM से बदलकर HABIBA BEGAM W/O ANEES AHMAD मोहल्ला नवाबपुरा टांडा रामपुर रख लिया। अब मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।

**व्यापार**

**ब्रेक आउट**

मैने पुत्र मोटी को गलत संगत को लेकर चलाचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद किए। उसके कृत्य की मेरी, अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगो महेंद्र सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह, रामनगर खागूवाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद

**ऋण/ आय**

लोन एक सुनहरा अवसर है
**लोन ही लोन**
लाखों संतुष्ट ग्राहक
5% ब्याज सालाना
30% तक की छूट
हम कागजों से ज्यादा आपकी जरूरतों को ध्यान में रखते हैं, फास्ट अप्रुवल कम ब्याज दर पर सभी प्रकार के लोन लेकर अपना उज्ज्वल भविष्य बनायें
अभी हमसे संपर्क करें
7599803534

## सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से गुरुवार को स्थानीय शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की। सेंसेक्स 349.05 अंक उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी सूचकांक 99.60 अंक बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक चार प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

**निफ्टी लगातार 11वें दिन बढ़त लेकर बंद:** निफ्टी का यह तेजी का लगातार 11वां सत्र रहा। इस दौरान निफ्टी ने कुल 1,012.95 अंक यानी 4.19 प्रतिशत की छलांग लगाई है। उधर, सेंसेक्स में बढ़त का लगातार आठवां सत्र रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोटरा, विकास खण्ड मिलक, जनपद रामपुर**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/पंजीकृत विक्रेताओं को एततद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोटरा, वि०ख० मिलक जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन/ODF+, अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें /कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.08.2024 से 02.09.2024 तक कार्यालय दिवस में 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जो कि दिनांक 03.09 2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्रम पंचायत को होगा।

| क.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | सीमेट, पोर्टजलैण्ड, व्हाइट सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत / लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट / बालू रेत | घन मी. | |
| 4 | 20 एम०एम० बजरी | घन नी. | |
| 5 | 40 एम०एम० ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम–150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एन–275 | प्रति हाजार | |
| 8 | सी०सी० इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम०एन० सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इनवटर्र , सीसीटीवी कैमरा, अलमारी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल आदि प्रयुक्त होने वाली सामग्री दीवार टाईल्स | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया / डोर माईल्डस | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | निट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लकड़ी के दरवाजे/कार्मिशयल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बॉल पेटिंग | प्रति घनमीटर | |
| 17 | दीवार पुताई / समोसम दो कोट | प्रति घनमीटर | |
| 18 | सोलर लाईट / नया / मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण / विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेसिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल / टिनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फागिंग मशीन/स्प्र मशीन | प्रति नग | |
| 24 | सी०सी० बैंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबीन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/वेली आदि | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट / सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27 | कीटनाशक/ब्लीचिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घनमीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्प्लीट | प्रति नग | |
| 29 | पेटं / डिस्टेम्पर | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राइमर लोहा लकड़ी | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 33 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35 | वॉल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36 | पी.वी.सी. पाईप, ह्यूम पाईप | प्रति मीटर | |
| 37 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000ली. | |
| 38 | स्टील वाटर डिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/प्रति फीट | |
| 40 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुन्टल | |
| 41 | इलैक्ट्रिकेशन | | |
| 42 | प्लंबिंग | | |
| 43 | एमआर सेन्टर | | |
| 44 | इन्सीनरेटर | | |
| 45 | ऑपनिग खेल मैदान | | |
| 46 | एयर कंडीशनर, एलईडी स्मार्ट टीपी | | |
| 47 | ई–रिक्शा | | |
| 48 | डस्टबिन | | |
| 49 | स्वच्छता किट | | |
| 50 | प्लास्टिक बैंक | | |
| 51 | वॉलपेपर, फ्लोर मैटिंग | | |

प्रधान — सचिव

**जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

JUBILANT INDUSTRIES

सीआईएन : L24100UP2007PLC032909
**पंजीकृत कार्यालयः** भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244 223, उत्तर प्रदेश
**ईमेलः** investorsjil@jubl.com; **वेबसाइटः** www.jubilantindustries.com
**फोनः** +91-5924-267437

**18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कम्पनी') की 18वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') **सोमवार, 23 सितम्बर, 2024 को अपराह्न 03:00 बजे (भारतीय मानक समय)** – कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020 एवं इस संबंध में इनके पश्चात् जारी प्रासंगिक परिपत्रों, जिसमें नवीनतम 9/2023 दिनांकित 25 सितम्बर, 2023 है, ('एमसीए परिपत्रों') तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र दिनांकित 12 मई, 2020 एवं इस संबंध में इनके पश्चात् जारी प्रासंगिक परिपत्रों, जिसमें नवीनतम SEBI/HO/CFD/CFD&PoD&2/P/CIR/2023/167 दिनांकित 07 अक्टूबर, 2023 (सामूहिक रूप से 'सेबी परिपत्रों' के तौर पर संदर्भित) के अनुपालन में – **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से** एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 18वीं एजीएम की आहूत सूचना ("एजीएम सूचना") में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। सदस्य एजीएम सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके एजीएम में सम्मिलित हो सकते हैं। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के अन्तर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु संगणित किया जाएगा।

पूर्वोक्त एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की आहूत सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वार्षिक रिपोर्ट 29 अगस्त, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेजी गई हैं जिनका ई–मेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') अथवा रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') के साथ पंजीकृत है। सेबी के परिपत्रों के अनुसार, एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति, सदस्यों को उनके अनुरोध पर भेजी जाएगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 ('नियम') के नियम 20, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ('सूचीबद्धता विनियम') के विनियम 44 एवं इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा सामान्य बैठकों के सचिवीय मानक (एसएस–2) के अनुपालन में, कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक तौर पर अपना वोट डालने हेतु सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('ई–वोटिंग') की सुविधा प्रदान कर रही है। तदनुसार, एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के मदों का निष्पादन नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') द्वारा प्रदान किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधाओं के माध्यम से अ) एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा आ) एजीएम के दौरान ई–वोटिंग द्वारा किया जा सकता है।

सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है किः **(क)** रिमोट ई–वोटिंग शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) आरम्भ होगी और रविवार, 22 सितम्बर, 2024 को अपराह्न 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी। **(ख)** रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति रविवार, 22 सितम्बर, 2024 को सायं 5:00 बजे के उपरान्त नहीं दी जाएगी। **(ग)** पूर्वोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाले जाने के पश्चात्, सदस्य को तदनन्तर इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **(घ)** ई–वोटिंग के उद्देश्य से **कट–ऑफ तिथि** मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024 तय की गई है। वोटिंग के अधिकार का आंकलन कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर किया जाएगा। **(ङ)** कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024 तक शेयरों को प्रतिरक्षित रखता है, evoting@nsdl.com अथवा कम्पनी को investorsjil@jubl.com /आरटीए को rta@alankit.com पर एक अनुरोध भेजकर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह अपना वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति अपना पासवर्ड भूल गया हो, तो वह www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "फॉरगॉट यूजर डिटेल्स/ पासवर्ड" अथवा "फिजिकल यूजर रिसेट पासवर्ड" विकल्प का उपयोग करके अथवा एनएसडीएल को टोल फ्री नम्बर 022 – 4886 7000 पर संपर्क कर अपना पासवर्ड 'रीसेट' कर सकता है। **(च)** एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा भी उन सदस्यों को अपने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग करने हेतु उपलब्ध होगी जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला हो। **(छ)** वे सदस्य जिन्होंने अपना वोट एजीएम के पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा डाल दिया हो, वे भी वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं परन्तु अपना ई–वोट पुनः डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। **(ज)** एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर https://www.jubilantindustries.com/shareholders-meeting.html लिंक पर, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting-nsdl.com पर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज एवं व्याख्यात्मक विवरण इस सूचना के प्रसारित होने की तिथि से एजीएम की तिथि तक सदस्यों द्वारा बिना किसी शुल्क के निरीक्षण हेतु इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध हैं।

उन शेयरधारकों, जिनका ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है, ई–मेल पता के पंजीकरण की प्रक्रिया नीचे दी गई हैः

क) यदि शेयर भौतिक रूप में प्रतिरक्षित हैं, तो कृपया फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे एवं पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) investorsjil@jubl.com अथवा rta@alankit.com पर ई–मेल द्वारा भेजें।

ख) यदि शेयर डीमैट रूप में प्रतिरक्षित हैं, तो कृपया डीपीआईडी–क्लाइंट आईडी (16–अंकीय डीपीआईडी, क्लाइंट आईडी या 16–अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) investorsjil@jubl.com अथवा rta@alankit.com पर भेजें। इसके अतिरिक्त, सदस्य अपने सम्बद्ध डीपी से अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

ई–वोटिंग निर्देशों के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़े किसी भी प्रश्न/ शिकायतों के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस' (FAQs) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा श्री अमित विशाल, उप उपाध्यक्ष, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई– 400013, भारत से ई–मेल द्वारा evoting@nsdl.com पर अथवा टोल फ्री नम्बर 022–48867000 या श्री जे. के. सिंगला, उप–महाप्रबंधक, मेसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055, भारत से rta@alankit.com पर ई–मेल के माध्यम से अथवा टेलीफोन नम्बरः 011–42541234 पर संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल ने श्री कपिल देव तनेजा (एफसीएस संख्या 4019, सी.पी. संख्याः 22944), साझीदार या उनके विफल होने पर श्री नीरज अरोड़ा (एफसीएस संख्या 10781, सी.पी. संख्याः 16186), साझीदार, मेसर्स संजय ग्रोवर एंड एसोसिएट्स, कम्पनी सचिव, नई दिल्ली को एजीएम के दौरान ई–वोटिंग एवं एजीएम से पूर्व आयोजित रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हेतु 'संवीक्षक' के तौर पर नियुक्त किया है।

एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट प्रस्तावों पर वोटिंग के परिणाम एजीएम के समापन के 2 दिनों के अन्दर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट सहित, कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के शीघ्र पश्चात् प्रदर्शित किए जाएंगे और परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भी संचारित किए जाएंगे।

कृते **जुबिलैंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ताक्षर
बृजेश कुमार
कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्याः A36070

29 अगस्त, 2024
गुरुग्राम